>

Title: Need to provide light and heavy-duty cranes to Himachal Pradesh under National Highway Accident Relief Service Scheme.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): मैं आपके माध्य से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि नेशनल हाईवेज एक्सीडेंट रिलीफ सर्विस स्कीम (एन.एच.ए.आर.एस.एस.) के अंतर्गत पहाड़ी प्रदेशों को केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश ने केन्द्र सरकार से 10 हैवी डयूटी एवं 10 लाइट डयूटी क्रेन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिनांक 27-09-2010 को प्रेषित किया था। अभी तक प्रदेश सरकार को केवल पांच स्मॉल रिकवरी क्रेन ही उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में विषम भौगोलिक परिस्थिति एवं ऊंची-ऊंची पर्वत शृंखलाओं के कारण अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में दुर्घटनाएं होने पर स्मॉल रिकवरी क्रेनें बहुत ज्यादा उपयोगी साबित नहीं हो पाती हैं। अत्यंत गहरी खाइयों में गिरे वाहनों को हैवी डयूटी क्रेनों द्वारा ही निकाला जा सकता है क्योंकि ढलानदार पहाड़ों में स्मॉल रिकवरी क्रेनें फिसल जाती हैं।

मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय से अनुरोध है कि प्रदेश द्वारा मांगी गई 10 हैवी डयूटी एवं 10 लाइट डयूटी क्रेनें शीघातिशीघ्र उपलब्ध कराई जायें ताकि दुर्घटना के समय जनजीवन की रक्षा की जा सके एवं गहरी खाइयों में गिरे वाहनों को शीघ्र निकाला जा सके।